# श्री अन्न समाचार पत्र

अंक - 260 अगस्त, 2025

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान
ICAR-Indian Institute of Millets Research

**भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद -500 030.**


## भाश्रीअनुसं के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) पर जागरूकता कार्यक्रम

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान (भाश्रीअनुसं), हैदराबाद ने पीएम-किसान योजना के लाभों और उद्देश्यों के बारे में किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाना और छोटे व सीमांत किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को उजागर करने हेतु राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में तेलंगाना के विभिन्न जिलों से कुल 50 किसानों ने भाग लिया। संस्थान में पीएम-किसान पहल के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के कुल 23 एफपीओ और 1800 किसानों ने आभासी माध्यम से भाग लिया। कार्यक्रम में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि स्थिरता को बढ़ावा देने और बेहतर तकनीकों व प्रथाओं को अपनाने हेतु पीएम-किसान योजना के महत्व पर बल दिया गया। कार्यक्रम ने श्री अन्न आधारित आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की भूमिका के बारे में भी किसानों में जागरूकता पैदा की। इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. ए श्रीनिवास और डॉ. आर आर चापके ने किया। एफपीओ की भागीदारी वाले इस आभासी कार्यक्रम का आयोजन डॉ. संगप्पा, डॉ. रफी, श्री अब्बूसेठ, श्री अनूप, श्री कैलाशनाथ तथा सुश्री के चांदिनी ने किया, जिसमें सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।



## तेलंगाना हेतु भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के द्वारा वीकेएसए रबी अभियान बैठक

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान ने 29 अगस्त 2025 को विकसित कृषि संकल्प अभियान (वीकेएसए) रबी अभियान पर एक बैठक आयोजित की। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने तेलंगाना राज्य के नोडल अधिकारी के रूप में बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में वीकेएसए पहल के अंतर्गत आगामी रबी मौसम हेतु लोकसंपर्क और विस्तार गतिविधियों की योजना बनाने और समन्वय पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों में जागरूकता बढ़ाना, जलवायु-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देना और सर्वोत्तम प्रथाओं का व्यापक रूप से अंगीकरण सुनिश्चित करना था। कृषि विभागों, कृविकें और अनुसंधान संस्थानों के प्रमुख हितधारकों ने चर्चा में भाग लिया। प्रभावी कार्यान्वयन की कार्यनीतियों, राज्य-स्तरीय लक्ष्यों और विभिन्न विभागों के प्रयासों के अभिसरण पर विचार-विमर्श किया गया।



## भाश्रीअनुसं में प्रोफेसर एमएस स्वामीनाथन की शताब्दी जयंती

संस्थान ने 6 अगस्त, 2025 को भारत रत्न स्वर्गीय प्रोफ़ेसर एमएस स्वामीनाथन की शताब्दी जयंती मनाई। इस अवसर पर सभी वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों ने हरित क्रांति के जनक और अग्रणी कृषि वैज्ञानिक प्रोफ़ेसर स्वामीनाथन के जीवन, कार्यों, उपलब्धियों और दूरदर्शिता का स्मरण किया। इस अवसर पर डॉ. वेंकटेश भट और राजेंद्र आर चापके ने भी अपने-अपने विचार रखे। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक ने प्रोफ़ेसर स्वामीनाथन को समर्पित सोसाइटी फ़ॉर हंगर एलिमिनेशन द्वारा प्रकाशित "हंगर फ्री इंडिया इन अचीवेबल" विषय पर स्मारिका का विमोचन किया। उन्होंने प्रोफ़ेसर स्वामीनाथन के साथ भेंट और किसानों के लाभार्थ भाश्रीअनुसं एवं श्री अन्न संबंधी चिंताओं पर चर्चा की। डॉ. वेंकटेश भट ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।




## भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं में स्वतंत्रता दिवस समारोह



भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में 15 अगस्त 2025 को देश 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण में, स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और श्री अन्न अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में योगदान देने में संस्थान की भूमिका पर बल दिया। संस्थान के कार्मिकों एवं छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और देशभक्ति गीत शामिल कार्यक्रमों में भाग लिया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह संपन्न हुआ।

## मध्य प्रदेश के आदिवासी किसानों के द्वारा भाश्रीअनुसं दौरा

मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के अठनेर खंड के आदिवासी किसानों के एक समूह ने 18 अगस्त 2025 को भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद का दौरा किया। डॉ. संगप्पा, वरिष्ठ वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने किसानों के साथ चर्चा की और श्री अन्न कैफेटेरिया में उन्नत श्री अन्न उत्पादन तकनीकों के बारे में बताया तथा इस संस्थान के द्वारा विकसित उच्च उपज युक्त श्री अन्न किस्में दिखाई। उन्होंने बैतूल जिले में बड़े पैमाने पर खेती किए जाने वाले कोदो, कुटकी तथा ज्वार हेतु उन्नत श्री अन्न कृषि कार्यों के बारे में भी बताया। डॉ. रफी के साथ किसान श्री अन्न प्रसंस्करण एवं प्रशिक्षण एकक गए, जहां उन्होंने प्राथमिक प्रसंस्करण तकनीकों तथा मूल्यवर्धन अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा, किसानों को स्टार्टअपों से जोड़ने हेतु उन्हें न्यूट्रीहब इनक्यूबेशन सुविधा केंद्र का दौरा भी कराया गया।



## सामुदायिक बीज बैंक की स्थापना के लिए पारंपरिक रागी के बीज का संग्रह और संरक्षण

श्री के श्रीनिवास बाबू, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. के एन गणपति, प्रधान वैज्ञानिक तथा डॉ. संगप्पा, वरिष्ठ वैज्ञानिक शामिल भाश्रीअनुसं के ओडिशा मिलेट मिशन परियोजना दल ने देशी श्री अन्न किस्मों के संरक्षण के लिए श्री अन्न सामुदायिक बीज बैंक की स्थापना के अवसर का पता लगाने हेतु 12 अगस्त 2025 को ओडिशा का दौरा किया। इस दौरान, दल ने नबरंगपुर से पारंपरिक रागी भू-प्रजाति जननद्रव्य एकत्र किए, जिसे सिला मंडिया, बाडो मंडिया, बारी मंडिया और कदली मंडिया के रूप में जाना जाता है, जो इस क्षेत्र में आदिवासी समुदायों द्वारा उगाए व संरक्षित किए जाते हैं। इन भू-प्रजातियों को सूखे के प्रति उनके लचीलेपन, पीड़कों के



प्रति सहिष्णुता, स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूलन श्रेष्ठ पकवान गुणता के लिए महत्व दिया जाता है, जो क्षेत्र की समृद्ध श्री अन्न विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं । सामुदायिक बीज बैंक की स्थापना से किसानों को गुणतायुक्त बीज तक पहुंच आसान होगी, श्री अन्न बीज सुरक्षा मजबूत होगी, पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण होगा, तथा जलवायु लचीलापन और खाद्य सुरक्षा के लिए भावी फसल सुधार और प्रजनन प्रयासों को समर्थन मिलेगा।

## विज्ञान स्नातकोत्तर कीट विज्ञान के छात्रों के लिए क्रेडिट संगोष्ठी




भाश्रीअनुसं, हैदराबाद में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के विज्ञान स्नातकोत्तर कीट विज्ञान के छात्रों के लिए 4 अगस्त 2025 को क्रेडिट संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शैक्षणिक गतिविधि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य छात्रों के ज्ञान, शोध योग्यता और प्रस्तुति कौशल को बढ़ाना है। कुल पांच छात्रों ने कीट विज्ञान के क्षेत्र में समकालीन और उभरते विषयों पर प्रपत्र प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में विभाग के संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने भाग लिया। प्रस्तुतकर्ताओं को रचनात्मक प्रतिक्रिया प्रदान की गई, जिससे आगे शोध व संप्रेशषण में स्पष्टता को प्रोत्साहन मिला।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद की राजभाषा कार्यान्वयन समिति (ओएलआईसी) की 74वीं बैठक 29 अगस्त, 2025 को आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं तथा अध्यक्ष, राकास के औपचारिक स्वागत संबोधन से हुआ। अन्य सदस्य डॉ. बी वेंकटेश भट, प्रभारी पीएमई कक्ष; डॉ. ए कलैसेकर, प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी; डॉ. जिनु जेकब, प्रभारी, हिदी कक्ष; डॉ. सूगण्ण, प्रभारी, पुस्तकालय, श्रीमती ऋतु दलाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, श्री शेख रुक्मान, वित्त एवं लेखा अधिकारी; श्री शिवप्रसाद पेरुमल्ला, प्रशासनिक अधिकारी तथा सदस्य सचिव, डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) चर्चा के दौरान उपस्थित थे। बैठक के दौरान, सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि 14 सितंबर से 13 अक्टूबर 2025 के दौरान हिदी चेतना मास मनाया जाए।




## श्री अन्न उद्यमिता के अवसर एवं कौशल विकास पर आमंत्रित व्याख्यान

डॉ. संगप्पा, वरिष्ठ वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने 26 अगस्त, 2025 को मैनेज, हैदराबाद द्वारा आयोजित ऑनलाइन वेबिनार में "श्री अन्न में उद्यमिता के अवसर और कौशल विकास" विषय पर एक सत्र दिया। अपने व्याख्यान में, डॉ. संगप्पा ने प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन, उत्पाद विविधीकरण, ब्रांडिग और श्री अन्न-आधारित उत्पादों के विपणन में श्री अन्न की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्षमता निर्माण, व्यवसाय योजना, और किसानों व युवाओं को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं तथा अन्य संस्थानों द्वारा संचालित इनक्यूबेशन एवं सहायता कार्यक्रमों से जोड़ने सहित कौशल विकास के पहलुओं पर भी प्रकाश डाला।

## सेवानिवृत्त

डॉ. डी एम बहादुरे 31 अगस्त 2025 को सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (टी-7-8) के पद से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने इस संस्थान 29 वर्षों तक विभिन्न पदों पर सेवाएं प्रदान की। डॉ. तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं ने उन्हें शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। भाश्रीअनुसं के कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।



## समझौते ज्ञापन

| करार तिथि | अन्य पक्ष | समझौते ज्ञापन का उद्देश्य |
|---|---|---|
| 01.08.2025 | जर्मेनटेन हेल्थकेयर, हैदराबाद | सीजीएचएस शुल्क के अनुसार भाश्रीअनुसं कार्मिकों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना |




## जुलाई 2025 में प्रशिक्षण आयोजित

| क्र. सं. | प्रशिक्षण शीर्षक | प्रायोजक अभिकरण | तिथि | अवधि | प्रतिभागियों की संख्या | प्रतिभागियों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण तथा मूल्यवर्धन में नवीनतम प्रगति | आंध्र प्रदेश प्राकृतिक खेती रैतू साधिकारा संस्था | 28 जुलाई से 01 अगस्त 2025 | 5 दिन | 33 | किसान, उद्यमी और विस्तार कार्यकर्ता |
| 2 | अनुसूचित जाति के किसानों हेतु श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन में उभरते रुझान | एससीएसपी जीसीओई, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं | 2-3 अगस्त 2025 | 2 दिन | 50 | किसानों |

## बैठकों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों आदि में सहभागिता – डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं

| शीर्षक | आयोजक | ऑनलाइ/ प्रत्यक्ष | तिथि |
|---|---|---|---|
| भाकृअनुप-भातिअनुसं, हैदराबाद का 49 वां स्थापना दिवस समारोह | भाकृअनुप-भातिअनुसं, हैदराबाद | ऑनलाइन | 01.08.2025 |
| पीएम किसान सम्मान निधि बैठक | आईएएसआरआई, नई दिल्ली | ऑनलाइन | 01.08.2025 |
| प्रो. एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "सदाबहार क्रांति - जैव- | एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन, | प्रत्यक्ष | 07.08.2025 |
| पीआईएम अनुभाग द्वारा ईएफसी तैयारी बैठक | भाकृअनुप, नई दिल्ली | प्रत्यक्ष | 08.08.2025 |
| भाकृअनुप-राकृअनुप्रअ, हैदराबाद के 115 वें एफओसीएआरएस का उद्घाटन कार्यक्रम | भाकृअनुप-राकृअनुप्रअ, हैदराबाद | प्रत्यक्ष | 11.08.2025 |
| कर्नाटक राज्य पर विशेष ध्यान देते हुए जलवायु संकट से निपटने के लिए खाद्य, भूमि और जल (एफएलडब्ल्यू) प्रणालियों में परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्यशाला | भाकृअनुप-भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण अनुसंधान केंद्र, बल्लारी | ऑनलाइन | 13.08.2025 |
| भारत-ओमान व्यापार संबंधों में अप्रयुक्त अवसर | भारतीय दूतावास, मस्कट (ओमान) | ऑनलाइन | 14.08.2025 |

## बैठकों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों आदि में सहभागिता – डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं

| | | | |
|---|---|---|---|
| 'जलवायु संकट से निपटने के लिए खाद्य, भूमि और जल (एफएलडब्ल्यू) प्रणालियों में परिवर्तन' पर हितधारक परामर्श कार्यशाला | भाकृअनुप-क्रिडा, हैदराबाद | ऑनलाइन | 18.08.2025 |
| विविध वित्तपोषण सुविधा के कार्यान्वयन के लिए पारंपरिक फसलों का चयन | एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन और क्रॉप ट्रस्ट | प्रत्यक्ष | 19.08.2025 |
| 64 वीं अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ कार्मिक बैठक | आरवीएसकेवीवी, ग्वालियर और भाकृअनुप-भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल | प्रत्यक्ष | 26.08.2025 |
| विकसित कृषि संकल्प (वीकेएसए) रबी अभियान बैठक तेंलगाना | भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद | प्रत्यक्ष | 29.08.2025 |
| विकाराबाद में एकलव्य ग्रामीण विकास फाउंडेशन के गुरुकुल छात्रावास भवन का उद्घाटन | एकलव्य ग्रामीण विकास फाउंडेशन | प्रत्यक्ष | 31.08.2025 |


श्री अन्न वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र

**भाकृअनुप - भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान**

**बाजरा, ज्वार तथा लघु श्री अन्न पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना**

**राजेन्द्रनगर, हैदराबाद-500053**

दूरभाष : 040-24599300 ई-मेल : millets.icar@nic.in वेबसाइट : www.millets.res.in

संकलन एवं संपादन

**डॉ. महेश कुमार, डॉ. जिनु जेकब तथा डॉ. वी वेंकटेश भट**

फोटो, अभिकल्पना तथा रूपरेखा

**एच एस गावली**

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक

**निदेशक, भाकृअनुप – भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान**

**रबी ज्वार अनुसंधान केंद्र (भाश्रीअनुसं)**
राष्ट्रीय राजमार्ग-9, बायपास, शेल्गी,
सोलापुर-413006 (महाराष्ट्र)
दूरभाष : 0217-2373456 फैक्स : 0217-2373456
ई-मेल : solapur@millets.res.in
वेबसाइट : www.millets.res.in

**ज्वार गैर-मौसमी पौधशाला (भाश्रीअनुसं)**
प्रभारी अधिकारी,
भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, आरएआरएस
(पीजेटीएसएयू) मुलुगू रोड़. वरंगल

**क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान केंद्र (भाश्रीअनुसं)**
गुड़ामालानी, बाड़मेर, राजस्थान
ई-मेल : barmer@millets.res.in